कबसे तेरी राह निहारे | By Mukesh Bagda |

कबसे तेरी राह निहारे,
बैठा मैया दास तेरा,
दर्शन दो माँ शेरावाली,
टूटे ना विश्वास मेरा,
टूटे ना विश्वास मेरा ॥

अखियां कबसे तरस रही है,
मैया जी दीदार को,
जल्दी आओ मेहरावाली,
तड़प रहा तेरे प्यार को,
इस दुनिया में तेरे सिवा ना,
मैया कोई ख़ास मेरा,
दर्शन दो माँ शेरावाली,
टूटे ना विश्वास मेरा ॥

कबसे तेरी राह निहारें,
बैठा मैया दास तेरा,
दर्शन दो माँ शेरावाली,
टूटे ना विश्वास मेरा,
टूटे ना विश्वास मेरा ॥

रिश्ते नाते बंधन सारे,
आज हुए है पराए माँ,
दुःख की आंधी सता रही है,
गम के बादल छाए माँ,
किरपा कर दो अब तो मैया,
घुटने लगा है श्वास मेरा,
दर्शन दो माँ शेरावाली,
टूटे ना विश्वास मेरा ॥

कबसे तेरी राह निहारें,
बैठा मैया दास तेरा,
दर्शन दो माँ शेरावाली,
टूटे ना विश्वास मेरा,
टूटे ना विश्वास मेरा ॥

भक्तो के तू काज सवारे,
बिगड़े काम बनाती है,
भटके को तू पास बुलाए,
बिछड़े को मिलवाती है,
शेरोवाली मैया अब तो,
करता हूँ गुणगान तेरा,
दर्शन दो माँ शेरावाली,
टूटे ना विश्वास मेरा ॥

कबसे तेरी राह निहारें,
बैठा मैया दास तेरा,

दर्शन दो माँ शेरावाली,
टूटे ना विश्वास मेरा,
टूटे ना विश्वास मेरा ॥

जग जननी है जोतावाली,
अर्जी पे माँ विचार करो,
दर्शन दो हे ज्वाला माता,
'शर्मा' पे उपकार करो,
आठो पहर हे अष्टभुजी बस,
रहे हृदय में निवास तेरा,
दर्शन दो माँ शेरावाली,
टूटे ना विश्वास मेरा ॥

कबसे तेरी राह निहारे,
बैठा मैया दास तेरा,
दर्शन दो माँ शेरावाली,
टूटे ना विश्वास मेरा,
टूटे ना विश्वास मेरा ॥

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%ac%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%b9-%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-mukesh-bagda/